# यू. जी. सी. नेट परीक्षा, दिसम्बर 2019

## हिन्दी : प्रश्न–पत्र-II

**समय** : 2 घण्टा] **हल प्रश्न–पत्र** [**पूर्णांक** : 200

**1.** कॉलरिज के अनुसार :

(a) कल्पना दार्शनिक चिंतन का परिणाम नहीं है।

(b) कल्पना कारयित्री प्रतिभा है, यही कवि की सर्जनात्मकता है।

(c) कल्पना की मूल प्रकृति केवल अनुकृतिपरक है।

(d) कल्पना में वैज्ञानिक सुश्रृंखलता नहीं होती।

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (a) और (b) (B) (b) और (d)

(C) (b) और (c) (D) (c) और (d)

**2.** निम्नलिखित में से डायरी साहित्य है :

(a) प्रवास की डायरी

(b) एक साहित्यिक की डायरी

(c) दिल्ली मेरा परदेश

(d) ऋणजल धनजल

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (a) और (d) (B) (b) और (c)

(C) (a) और (b) (D) (a) और (c)

**3.** अरस्तू के विरेचन पद की व्याख्या विद्वानों ने किन अर्थों में की है?

(a) धर्मपरक (b) राजनीतिपरक

(c) कलापरक (d) अर्थपरक

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (a) और (c) (B) (b) और (c)

(C) (c) और (d) (D) (a) और (d)

**4.** 'मैं कहता हौं आँखिन देखी, तू कहता कागद की लेखी।' इस काव्य पंक्ति का आशय है :

(A) प्रत्यक्ष ज्ञान और पुस्तकीय ज्ञान एक ही है।

(B) प्रत्यक्ष ज्ञान को ही पुस्तकों में लिखा जाता है।

(C) प्रत्यक्ष ज्ञान पुस्तकीय ज्ञान से हीन है।

(D) स्वानुभव शास्त्रीय ज्ञान से बड़ा है।

**5.** 'तात्त्विक दृष्टि से न तो हम इन्हें (कबीर को) पूरे अद्वैतवादी कह सकते हैं और न एकेश्वरवादी।'—कबीर से सम्बन्धित यह विचार किसका है?

(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी (B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) राहुल सांकृत्यायन (D) माताप्रसाद गुप्त

**6.** 'गीत फरोश' में कवि क्या कहना चाहता है?

(A) कवि के लिए सुनहरे अवसर बहुत हैं।

(B) दूसरों के मनमाफिक कविता लिखने और बेचने के लिए कवि विवश है।

(C) कवि पैसे के लिए गीत लिखता है।

(D) कवि ज्ञान और संवेदना से हीन होता जा रहा है।

**7.** 'कीनैं हूँ कोरिक जतन अब कहि काढ़ै कौनु।
भो मन मोहन–रूपु मिलि पानी मैं कौ लौनु।।'
इस दोहे के सम्बन्ध में क्या सही है?

(a) इसमें नायिका का कृष्ण के प्रति अनन्य प्रेम व्यंजित है।

(b) नायिका के मन रूपी सरोवर में कृष्ण का लावण्य पानी में नमक की तरह घुल गया है।

(c) कृष्ण की रूपासक्ति से नायिका अपने मन को अलग करना चाहती है।

(d) 'कोरिक' का अर्थ है 'कचोटना'।

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (b) और (c) (B) (a) और (d)

(C) (a) और (c) (D) (a) और (b)

**8.** 'अंधायुग' के निम्नलिखित संवादों को उनके पात्रों के साथ सुमेलित कीजिए :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (a) वध मेरे लिए नहीं रही नीति वह है अब मेरे लिए मनोग्रंथि | (i) वृद्धयाचक |
| (b) आज इस पराजय की वेला में सिद्ध हुआ झूठ थी सारी अनिवार्यता भविष्य की | (ii) युयुत्सु |
| (c) अन्तिम परिणति में/दोनों जर्जर करते हैं पक्ष चाहे सत्य का हो/अथवा असत्य का! | (iii) धृतराष्ट्र |
| (d) गूंगों के सिवा आज/और कौन बोलेगा मेरी जय | (iv) अश्वत्थामा |
| | (v) गांधारी |

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (v) | (i) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (v) | (i) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**9.** तलाकशुदा माता–पिता की संतान की मानसिकता पर आधारित उपन्यास है :

(A) महाभोज (B) अंधेरे बंद कमरे

(C) आप का बंटी (D) शेखरः एक जीवनी

**10.** नीत्शे का सम्बन्ध किस विचारधारा से है?

(A) मनोविश्लेषणवाद (B) उत्तर आधुनिकतावाद

(C) मार्क्सवाद (D) अस्तित्ववाद

**11.** प्रकाशन काल के अनुसार निम्नलिखित निबन्ध संग्रहों का सही अनुक्रम है :

(A) शिरीष की याद आई, अर्द्धनारीश्वर, अशोक के फूल, शृंखला की कड़ियाँ

(B) शिरीष की याद आई, अशोक के फूल, शृंखला की कड़ियाँ, अर्द्धनारीश्वर

(C) शृंखला की कड़ियाँ, अशोक के फूल, अर्द्धनारीश्वर, शिरीष की याद आई

(D) अर्द्धनारीश्वर, शिरीष की याद आई, शृंखला की कड़ियाँ, अशोक के फूल

**12.** बिम्ब के अनिवार्य तत्व हैं :

(a) विवरणात्मकता (b) कल्पना

(c) सपाटबयानी (d) ऐन्द्रियता

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (b) और (d) (B) (b) और (a)

(C) (d) और (c) (D) (a) और (d)

**13.** प्रकाशन काल के अनुसार निम्नलिखित उपन्यासों का सही अनुक्रम है :

(A) परीक्षागुरु, गोदान, शेखरः एक जीवनी, तमस

(B) गोदान, शेखरः एक जीवनी, परीक्षागुरु, तमस

(C) परीक्षागुरु, तमस, गोदान, शेखरः एक जीवनी

(D) शेखरः एक जीवनी, तमस, गोदान, परीक्षागुरु

**निर्देश :** इस प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं। इनमें से एक स्थापना (Assertion) (A) है और दूसरा तर्क (Reason) (R)। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

**14.** **स्थापना** (Assertion) (A) : काव्य का सर्वस्व अलंकार है।

**तर्क** (Reason) (R) : क्योंकि केवल अलंकारों से ही कविता कामिनी का आन्तरिक और बाह्य सौन्दर्य निखरता है।

विकल्प :

(A) (A) गलत (R) सही (B) (A) सही (R) सही

(C) (A) गलत (R) गलत (D) (A) सही (R) गलत

**15.** निम्नलिखित में से किस कहानी में नौकरी के सिलसिले में बाहर रहने के कारण गजाधर बाबू की लम्बी अनुपस्थिति उन्हें परिवार के ढांचे से बाहर कर देती है?

(A) चीफ की दावत (B) वापसी

(C) दोपहर का भोजन (D) बूढ़ी काकी

**16.** 'इस मेले का मुख्य उद्देश्य है कि व्यापार की वृद्धि हो।' —यह किस प्रकार का वाक्य है?

(A) संयुक्त वाक्य (B) मिश्र वाक्य

(C) साधारण वाक्य (D) उद्देश्यवर्द्धक वाक्य

**निर्देश :** इस प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं। इनमें से एक स्थापना (Assertion) (A) है और दूसरा तर्क (Reason) (R)। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

**17.** **स्थापना** (Assertion) (A) : दलित चिन्तन और साहित्य में अभिव्यक्त मनुष्य गांधी का हरिजन ही है।

**तर्क** (Reason) (R) : क्योंकि दलित साहित्य में मुख्यतः बाबासाहब अंबेडकर के सामाजिक, राजनीतिक चिन्तन को अपनाया गया है।

विकल्प :

(A) (A) गलत (R) सही (B) (A) सही (R) सही

(C) (A) गलत (R) गलत (D) (A) सही (R) गलत

**18.** प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से निम्नलिखित काव्यकृतियों का सही अनुक्रम है :

(A) विष्णुप्रिया, कुकुरमुत्ता, चाँद का मुँह टेढ़ा है, आँगन के पार द्वार

(B) कुकुरमुत्ता, विष्णुप्रिया, आँगन के पार द्वार, चाँद का मुँह टेढ़ा है

(C) आँगन के पार द्वार, चाँद का मुँह टेढ़ा है, विष्णुप्रिया, कुकुरमुत्ता

(D) चाँद का मुँह टेढ़ा है, विष्णुप्रिया, कुकुरमुत्ता, आँगन के पार द्वार

**19.** शास्त्रानुसार अर्थप्रकृति के प्रकार हैं :

(a) यत्न (b) विमर्श

(c) बिन्दु (d) बीज

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (a) और (b) (B) (b) और (c)

(C) (c) और (d) (D) (a) और (c)

**20.** 'अंधेरे में' कविता से सम्बन्धित कौन–सी टिप्पणियां रामविलास शर्मा की हैं?

(a) 'अंधेरे में' कविता की मूल समस्या यही है कि मध्यवर्ग का बुद्धिजीवी सर्वहारा वर्ग से तादात्म्य कैसे स्थापित करे।

(b) कवि मुक्तिबोध के लिए अस्मिता की खोज व्यक्ति की खोज नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति की खोज है।

(c) मुक्तिबोध के काव्य–संसार की पट–भूमि असंदिग्ध रूप से ऐसी शासन व्यवस्था है जो निहायत चालाक होने के साथ ही बेहद आततायी है।

(d) मुक्तिबोध की मुख्य समस्या है, अपना वर्ग छोड़कर दूसरे वर्ग के साथ तादात्म्य स्थापित करना।

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (a) और (b) (B) (b) और (c)
(C) (c) और (d) (D) (a) और (d)

**21.** फोर्ट विलियम कॉलेज के हिन्दुस्तानी के प्रथम प्रोफेसर कौन थे?

(A) गिलक्रिस्ट (B) पिनकॉट
(C) विलियम जोन्स (D) ग्रियर्सन

**22.** सिद्धों से सम्बन्धित रामचन्द्र शुक्ल के कौन–से कथन सही हैं?

(a) वज्रयान में आकर 'महासुखवाद' का प्रवर्तन हुआ।

(b) नाथपंथ सिद्धों की परम्परा से नहीं निकला है।

(c) सिद्धों का साहित्य शुद्ध साहित्य के अन्तर्गत नहीं आता है।

(d) सिद्धों की बानियाँ सांकेतिक नहीं हैं।

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (a) और (c) (B) (a) और (b)
(C) (b) और (c) (D) (c) और (d)

**23.** 'कविकर्म और काव्यभाषा' किस आलोचक की समीक्षा कृति है?

(A) मलयज (B) रामस्वरूप चतुर्वेदी
(C) परमानन्द श्रीवास्तव (D) प्रभाकर श्रोत्रिय

**24.** रामविलास शर्मा कृत 'महावीरप्रसाद द्विवेदी और हिन्दी नवजागरण' का प्रकाशन काल है :

(A) सन् 1965 (B) सन् 1977
(C) सन् 1982 (D) सन् 1972

**25.** निम्नलिखित में से गीतिनाट्य हैं :

(a) अग्निलीक (b) उन्मुक्त
(c) नेपथ्यराग (d) त्रिशंकु

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (b) और (c) (B) (a) और (b)
(C) (a) और (d) (D) (a) और (c)

**26.** 'उत्तरकांड' के कलियुग प्रसंग में तुलसीदास ने लिखा है :

(a) आचारहीन और वेद विरोधी लोग ज्ञानी और संन्यासी कहलाएंगे।

(b) माता–पिता अपने बच्चों को मानव धर्म की शिक्षा देंगे।

(c) पत्नी के मर जाने और घर–गृहस्थी और संपत्ति के नष्ट हो जाने के बाद लुटे–पिटे लोग ही संन्यास ग्रहण करेंगे।

(d) कलियुग में अच्छा समय होगा और लोग सुखी होंगे।

निम्नलिखित में से तुलसीदास द्वारा कहे गए सही विकल्प चुनिए :

(A) (a) और (c) (B) (b) और (c)
(C) (a) और (d) (D) (b) और (d)

**27.** किस विद्वान ने कहा था कि 'बुद्धदेव के बाद भारत में सबसे बड़े लोकनायक तुलसीदास थे'?

(A) कामिल बुल्के (B) जॉर्ज ग्रियर्सन
(C) विलियम जोंस (D) विलियम कैरी

**28.** 'जेहि पंखी के निअर होइ, कहै बिरह कै बात।
सोई पंखी जाइ जरि, तरिवर होहिं निपात।।'

ऊहात्मकता के अतिरिक्त उक्त पंक्तियों में व्यक्त भाव की क्या विशेषता है?

(A) इसमें प्रेम की विलक्षणता नहीं है।

(B) कवि वेदना के स्वरूप विश्लेषण में नहीं, ताप की मात्रा नापने में प्रवृत्त है।

(C) इसमें विरहताप के वेदनात्मक स्वरूप की अत्यन्त विशद्, व्यंजना की गई है।

(D) इसमें संत्रास युक्त शृंगार के कारण स्वाभाविक प्रेम की व्यंजना नहीं हुई है।

**29.** निम्नलिखित काव्यपंक्तियों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| सूची-I (काव्यपंक्तियां) | सूची-II (रचनाकार) |
|---|---|
| (a) कौन परी यह बानि अरी नित नीरभरी गगरी ढरकावै। | (i) देव |
| (b) गुलगुली गिल मैं गलीचा हैं गुनी जन हैं चाँदनी है चिक हैं चिरागन की माला हैं। | (ii) पद्माकर |

(c) सेवर सिपाही हम उन रजपूतन के दान जूद्ध जुरिबे में नेकु जे न मुरके। (iii) ठाकुर

(d) अभिधा उत्तम काव्य है, मध्य लक्षणा लीन। अधम व्यंजना रस विरस, उलटी कहत नवीन। (iv) प्रताप साहि

(v) भिखारीदास

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (C) | (v) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (v) |

**30.** रचनाकाल की दृष्टि से निम्नलिखित कवियों का सही अनुक्रम है :

(A) केशवदास, बिहारी, भूषण, सेनापति
(B) सेनापति, केशवदास, बिहारी, भूषण
(C) भूषण, केशवदास, सेनापति, बिहारी
(D) केशवदास, सेनापति, भूषण, बिहारी

**निर्देश** : इस प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं। इनमें से एक स्थापना (Assertion) (A) है और दूसरा तर्क (Reason) (R)। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

**31. स्थापना** (Assertion) (A) : भारतेन्दु युग में मध्यकालीनता और आधुनिकता का द्वंद्व है।

**तर्क** (Reason) (R) : क्योंकि उस समय का भारतीय समाज संक्रमण के दौर से गुजर रहा था।

**विकल्प :**

(A) (A) सही (R) गलत (B) (A) सही (R) सही
(C) (A) गलत (R) गलत (D) (A) गलत (R) सही

**निर्देश** : इस प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं। इनमें से एक स्थापना (Assertion) (A) है और दूसरा तर्क (Reason) (R)। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

**32. स्थापना** (Assertion) (A) : जैसे विश्व में विश्वात्मा की अभिव्यक्ति होती है, वैसे ही नाटक में रस की।

**तर्क** (Reason) (R) : क्योंकि संघर्ष की नाट्य–स्थितियों में ही रसा–स्वादन की प्रक्रिया विकसित होती रहती है।

**विकल्प :**

(A) (A) सही (R) सही (B) (A) गलत (R) सही
(C) (A) गलत (R) गलत (D) (A) सही (R) गलत

**33.** भीष्म साहनी कृत 'तमस' उपन्यास का कथानक किन मुख्य विषयों पर केन्द्रित है?

(a) विभाजन की त्रासदी (b) सामाजिक विषमता
(c) स्त्री विमर्श (d) साम्प्रदायिक विद्वेष

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (a) और (d) (B) (a) और (b)
(C) (b) और (c) (D) (c) और (d)

**34.** 'मैंने भावना में एक भावना का वरण किया है। मेरे लिए वह सम्बन्ध और सम्बन्धों से बड़ा है। मैं वास्तव में अपनी भावना से प्रेम करती हूँ जो पवित्र है, कोमल है, अनश्वर है........।' यह संवाद किस पात्र का किसके प्रति है?

(A) कालिदास का मल्लिका के प्रति
(B) मल्लिका का स्वगत के प्रति
(C) मल्लिका का अम्बिका के प्रति
(D) मल्लिका का कालिदास के प्रति

**35.** अफ्रीका में रंगभेद तथा उपनिवेशवादियों की स्थानीय और भारतीय मूल के निवासियों के प्रति घृणा और क्रूरता का मार्मिक चित्रण किस उपन्यास में किया गया है?

(A) पहला गिरमिटिया (B) जुगलबन्दी
(C) परिशिष्ट (D) तीसरी सत्ता

**36.** रचनाकाल के अनुसार निम्नलिखित कवियों का सही अनुक्रम है :

(A) सरहपा, पुष्पदंत, अद्दहमाण, लुइपा
(B) लुइपा, सरहपा, अद्दहमाण, पुष्पदंत
(C) पुष्पदंत, सरहपा, लुइपा, अद्दहमाण
(D) सरहपा, लुइपा, पुष्पदंत, अद्दहमाण

**37.** इनमें से कौन–से अलंकार सादृश्यमूलक हैं?

(a) विभावना (b) व्यतिरेक
(c) उत्प्रेक्षा (d) असंगति

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (a) और (d) (B) (b) और (d)
(C) (b) और (c) (D) (a) और (c)

**38.** 'भाषा ठीक करने से पहले मैं मनुष्यों को ठीक करना चाहता हूँ, समझे।'

प्रस्तुत संवाद 'चन्द्रगुप्त' नाटक के किस पात्र का है?

(A) वररुचि (B) चाणक्य
(C) चन्द्रगुप्त (D) राक्षस

**39.** हिन्दी में प्रचलित 'सिफारिश' किस भाषा का शब्द है?

(A) हिन्दी (B) फारसी

(C) अरबी (D) तुर्की

**40.** प्रकाशन काल के अनुसार निम्नलिखित कहानियों का सही अनुक्रम है :

(A) परिंदे, ईदगाह, आकाशदीप, उसने कहा था

(B) उसने कहा था, आकाशदीप, ईदगाह, परिंदे

(C) आकाशदीप, परिंदे, उसने कहा था, ईदगाह

(D) ईदगाह, आकाशदीप, परिंदे, उसने कहा था

**41.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालय में सब कार्यवाहियाँ अंग्रेजी भाषा में होंगी?

(A) अनुच्छेद 343 (B) अनुच्छेद 344

(C) अनुच्छेद 346 (D) अनुच्छेद 348

**42.** निम्नलिखित में से व्यंग्य रचनाएं कौन–सी हैं?

(a) भूलने के विरुद्ध

(b) जीप पर सवार इल्लियां

(c) अपनी–अपनी बीमारी

(d) निषाद बांसुरी

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (a) और (b) (B) (b) और (d)

(C) (a) और (c) (D) (b) और (c)

**43.** निम्नलिखित आचार्यों का सही कालक्रम चुनिए :

(A) रुय्यक, कुंतक, आनंदवर्द्धन, दंडी

(B) कुंतक, आनंदवर्द्धन, रुय्यक, दंडी

(C) आनंदवर्द्धन, दंडी, रुय्यक, कुंतक

(D) दंडी, आनंदवर्द्धन, कुंतक, रुय्यक

**44.** 'सिद्ध हेमचन्द्र शब्दानुशासन' किस तरह का ग्रन्थ है?

(A) व्याकरण सम्बन्धी (B) ज्योतिष सम्बन्धी

(C) साहित्यिक (D) धार्मिक

**45.** 'अच्छी हिन्दी बस एक ही व्यक्ति लिखता था—यह कथन किस आलोचक ने किसके बारे में कहा था?

(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी ने निराला के बारे में

(B) महावीरप्रसाद द्विवेदी ने बालमुकुंद गुप्त के बारे में

(C) रामचन्द्र शुक्ल ने जयशंकर प्रसाद के बारे में

(D) नंददुलारे वाजपेयी ने महावीरप्रसाद द्विवेदी के बारे में

**46.** साधारणीकरण की निम्नलिखित स्थापनाओं को उनके प्रतिपादकों से सुमेलित कीजिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) रसास्वाद में वासनात्मक तथा स्थिर मनोवृत्तियां जिनके द्वारा चरित्र की सृष्टि होती है, साधारणीकरण के द्वारा आनंदमय बना दी जाती हैं; इसलिए यह वासना का संशोधन करके उनका साधारणीकरण करता है। | (i) रामचन्द्र शुक्ल |
| (b) काव्य–प्रसंग या रस के समस्त अवयवों का साधार–णीकरण मानने की अपेक्षा कवि भावना का साधारणी–करण मानना मनोविज्ञान के अधिक अनुकूल है। | (ii) अज्ञेय |
| (c) लोकहृदय की यह सामान्य अन्तर्भूमि परख कर हमारे यहां साधारणीकरण सिद्धान्त की प्रतिष्ठा की गई है। यह सामान्य अन्तर्भूमि कल्पित या कृत्रिम नहीं है। | (iii) जयशंकर प्रसाद |
| (d) जब चमत्कारिक अर्थ मर जाता है तब उस शब्द की रागोत्तेजक शक्ति भी क्षीण हो जाती है। उस अर्थ की प्रतिपत्ति करता है, जिससे पुनः रागात्मक सम्बन्ध स्थापित हो। साधार–णीकरण का यही अर्थ है। | (iv) नगेन्द्र |
| | (v) गुलाबराय |

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (i) | (ii) | (v) | (iii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**47.** 'भारत भारती' के सम्बन्ध में कौन–से कथन सही हैं?

(a) 'भारत भारती' की रचना 'मुसदद्से–मद्दो–जज्रे–इस्लाम' की प्रेरणा से हुई।

(b) राष्ट्रीय–सांस्कृतिक चेतना जगाने में यह कृति विफल रही।

(c) गुप्तजी 'भारत दर्पण' के लेखक ब्रजमोहन दत्तात्रेय कैफी से भी प्रभावित थे।

(d) इसमें आद्यंत भारत की दयनीय स्थिति का वर्णन किया गया है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (a) और (c) (B) (b) और (c)

(C) (b) और (d) (D) (a) और (d)

**48.** हिन्दी में 'नॉवेल' के अर्थ में उपन्यास पद का प्रथम प्रयोग किससे किया था?

(A) महावीरप्रसाद द्विवेदी

(B) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(C) प्रतापनारायण श्रीवास्तव

(D) बालकृष्ण भट्ट

**49.** संज्ञा अथवा सर्वनाम के जिस रूप से उसका सम्बन्ध वाक्य के किसी दूसरे शब्द के साथ प्रकाशित होता है, उसे क्या कहते हैं?

(A) विकृत अव्यय (B) कारक

(C) सम्बन्धसूचक (D) क्रियाविशेषण

**50.** प्रेमचन्द की किन कहानियों में देशी रियासतों के राजाओं का चरित्र और वहां चलने वाली राजनीतिक गतिविधियों का चित्रण मिलता है?

(a) रियासत का दीवान

(b) पंच परमेश्वर

(c) शतरंज के खिलाड़ी

(d) बड़े भाई साहब

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (a) और (d) (B) (b) और (c)

(C) (a) और (c) (D) (b) और (d)

**51.** आनन्दवर्द्धन ने किस काव्य को ध्वनि कहा है?

(A) जिसमें शब्द और अर्थ दोनों अपना महत्व बनाए रखकर अर्थ–प्रतिपादन करें

(B) जिसमें शब्द की सत्ता गौण और अर्थ की सत्ता प्रमुख हो

(C) जहां शब्द और अर्थ दोनों अपने अर्थ का उत्सर्जन कर व्यंग्यार्थ को अभिव्यक्त करें

(D) जहां अर्थ की सत्ता गौण और शब्द की सत्ता प्रधान हो

**52.** निम्नलिखित क्रान्तिकारी कविताओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| **सूची-I (क्रान्तिकारी कविताएं)** | **सूची-II (रचनाकार)** |
|---|---|
| (a) वीरों का कैसा हो वसंत | (i) रामनरेश त्रिपाठी |
| (b) कैदी और कोकिला | (ii) माखनलाल चतुर्वेदी |
| (c) जवानी | (iii) जयशंकर प्रसाद |
| (d) हिमाद्रि तुंग शृंग से | (iv) बालकृष्ण शर्मा नवीन |
| | (v) सुभद्राकुमारी चौहान |

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (v) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (v) | (ii) |

**53.** 'पीछे लागा जाइ था, लोक बेद के साथि।
आगे थैं सतगुरु मिल्या, दीपक दीया हाथि।।'

उक्त पंक्तियों में कबीर कहना चाहते हैं :

(a) लोक और वेद का अनुसरण करने के कारण मैं परमतत्त्व से दूर था।

(b) लोक और वेद की रूढ़िवादिता ने परमतत्त्व के अभिज्ञान का मार्ग प्रशस्त किया।

(c) सतगुरु के ज्ञान रूपी प्रकाश से मैंने परमतत्त्व का साक्षात्कार किया।

(d) सतगुरु ने दीपक थमाकर संसार में भटकने के लिए छोड़ दिया।

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (a) और (b) (B) (a) और (c)

(C) (b) और (c) (D) (b) और (d)

**54.** 'अंधेर नगरी' नाटक का अंतिम दृश्य है :

(A) आरण्य (B) जंगल

(C) बाजार (D) श्मशान

**55.** निम्नलिखित में से कौन–सा उपन्यास ऐतिहासिक–सांस्कृतिक उपन्यास नहीं है?

(A) बाणभट्ट की आत्मकथा (B) पुनर्नवा

(C) टेढ़े मेढ़े रास्ते (D) वैशाली की नगरवधू

**56.** निम्नलिखित में से कौन–सी बोली पश्चिमी हिन्दी की नहीं है?

(A) कन्नौजी (B) बुंदेली

(C) ब्रजभाषा (D) मगही

**57.** प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से निम्नलिखित काव्यकृतियों का सही अनुक्रम है :

(A) स्वप्न, साकेत, पल्लव, आँसू

(B) साकेत, स्वप्न, पल्लव, आँसू

(C) आँसू, पल्लव, स्वप्न, साकेत

(D) पल्लव, स्वप्न, आँसू, साकेत

**58.** 'सर्वसुख नामक अग्रवाल बनिया' की कथा किस उपन्यास में उल्लिखित है?

(A) देवरानी जेठानी की कहानी

(B) वामा शिक्षक

(C) भाग्यवती

(D) निःसहाय हिन्दू

**59.** निम्नलिखित आत्मकथाओं को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) हादसे | (i) सुशीला टाकभौरे |
| (b) मुड़ मुड़ कर देखता हूँ | (ii) ओमप्रकाश वाल्मीकि |
| (c) शिकंजे का दर्द | (iii) कृष्णा अग्निहोत्री |
| (d) जूठन | (iv) राजेन्द्र यादव |
| | (v) रमणिका गुप्ता |

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (C) | (v) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (v) | (i) |

**60.** धर्मवीर भारती के सन्दर्भ में क्या सही नहीं है?

(A) वे व्यक्ति स्वातन्त्र्य के विरोधी कवि हैं।

(B) वे व्यक्ति स्वातन्त्र्य के पक्षधर कवि हैं।

(C) वे कैशोर भावुकता के लेखक हैं।

(D) वे मिथकीय सन्दर्भों पर आधारित कविता लिखने वाले कवि हैं।

**61.** प्लेटो के अनुसार एक समर्थ कवि काव्य–रचना किस प्रकार करता है?

(A) किसी सचेष्ट कलात्मक प्रेरणा की अपेक्षा दैवी शक्ति से प्रेरित और अभिभूत होकर

(B) सचेष्ट कलात्मक प्रेरणा और दैवी शक्ति से अभिभूत होकर

(C) दैवी शक्ति की भूमिका से निरपेक्ष कलात्मक प्रेरणा द्वारा

(D) अपने वैज्ञानिक ज्ञान के सम्यक् प्रयोग द्वारा

**62.** निम्नलिखित में से दलित जीवन पर आधारित उपन्यास हैं :

(a) धरती धन न अपना

(b) ठीकरे की मंगनी

(c) कठगुलाब

(d) यथा–प्रस्तावित

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (a) और (b) (B) (a) और (d)

(C) (c) और (d) (D) (b) और (d)

**63.** अपने काव्य–सिद्धान्त की निर्मिति के लिए किस पाश्चात्य आचार्य ने 'सहजानुभूति' की अवधारणा का सहारा लिया है?

(A) मैथ्यू आर्नाल्ड (B) क्रोचे

(C) लौंजाइनस (D) इलियट

**64.** ''आवारा मसीहा' किस साहित्यकार की औपन्यासिक जीवनी है?

(A) शरतचन्द्र (B) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(C) बंकिमचन्द्र (D) विमल मित्र

**65.** अस्मितामूलक विमर्श को किस साहित्यिक पत्रिका ने सर्वाधिक संवर्द्धित किया?

(A) वर्तमान साहित्य (B) वागर्थ

(C) हंस (D) दस्तावेज

**66.** प्रकाशन काल की दृष्टि से भीष्म साहनी के नाटकों का सही अनुक्रम है :

(A) हानूश, माधवी, रंग दे बसंती चोला, आलमगीर

(B) माधवी, हानूश, रंग दे बसंती चोला, आलमगीर

(C) रंग दे बसंती चोला, आलमगीर, हानूश, माधवी

(D) आलमगीर, रंग दे बसंती चोला, माधवी, हानूश

**निर्देश :** इस प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं। इनमें से एक स्थापना (Assertion) (A) है और दूसरा तर्क (Reason) (R)। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

**67.** **स्थापना** (Assertion) (A) : आधुनिकता एक अनवरत और अंतहीन प्रक्रिया है।

**तर्क** (Reason) (R) : क्योंकि प्रत्येक परिवर्तन नए संशयों, सिद्धान्तों और संभावनाओं को जन्म देता है।

**विकल्प :**

(A) (A) गलत (R) गलत (B) (A) सही (R) सही

(C) (A) गलत (R) सही (D) (A) सही (R) गलत

**68.** 'जमीन पक रही है' किसका कविता संग्रह है?

(A) नागार्जुन (B) नरेश मेहता

(C) केदारनाथ अग्रवाल (D) केदारनाथ सिंह

**69.** निम्नलिखित में से हिन्दी के यात्रा वृतान्त हैं :

(a) याद हो कि न याद हो (b) अरे यायावर रहेगा याद

(c) आखिरी चट्टान तक (d) जिनकी याद हमेशा रहेगी

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (b) और (d) (B) (a) और (b)

(C) (a) और (d) (D) (b) और (c)

**70.** निम्नलिखित विचारधाराओं को उनसे संबद्ध लेखकों से सुमेलित कीजिए :

| सूची-I (विचारधारा) | सूची-II (लेखक) |
|---|---|
| (a) मार्क्सवाद | (i) कॉफ्का |
| (b) अस्तित्ववाद | (ii) एंगेल्स |
| (c) मनोविश्लेषणवाद | (iii) रोलां बार्थ |
| (d) उत्तर आधुनिकता | (iv) युंग |
| | (v) कॉलरिज |

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iv) | (v) | (iii) | (i) |

**71.** निम्नलिखित मिथकीय कविताओं को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| **सूची-I** (**मिथकीय कविताएँ**) | **सूची-II** (**कवि**) |
|---|---|
| (a) प्रमत्थ्युगाथा | (i) कुंवर नारायण |
| (b) जयभारत | (ii) धर्मवीर भारती |
| (c) आत्मजयी | (iii) नरेश मेहता |
| (d) संशय की एक रात | (iv) मैथिलीशरण गुप्त |
| | (v) नरेन्द्र शर्मा |

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (C) | (v) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (v) | (ii) |

**72.** निम्नलिखित में से कौन–से कथन रामविलास शर्मा के हैं?

(a) साहित्य की प्रचारात्मकता का प्रश्न सामाजिक जीवन की यथार्थता की कसौटी पर हल किया जा सकता है।

(b) वास्तविक जीवन–तथ्यों को ओझल रखकर श्रेष्ठ साहित्य की रचना की जा सकती है।

(c) पिछली संस्कृति से नाता तोड़कर हवा में नई संस्कृति को जन्म नहीं दिया जा सकता।

(d) अतीत के बिना भी वर्तमान को समझा जा सकता है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (a) और (c) (B) (a) और (b)
(C) (b) और (c) (D) (b) और (d)

**73.** निम्नलिखित आलोचना–ग्रन्थों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (a) कामायनी: एक पुनर्विचार | (i) नामवर सिंह |
| (b) अधूरे साक्षात्कार | (ii) मुक्तिबोध |
| (c) इतिहास और आलोचना | (iii) नेमिचंद्र जैन |
| (d) प्रेमचंद और उनका युग | (iv) शिवदानसिंह चौहान |
| | (v) रामविलास शर्मा |

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (v) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (iv) | (v) | (i) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**74.** 'राम, तुम मानव हो? ईश्वर नहीं हो क्या?
विश्व में रमे हुए नहीं सभी कहीं हो क्या?
तब मैं निरीश्वर हूँ, ईश्वर क्षमा करें;
तुम न रमो तो मन तुममें रमा करे।'

आधुनिक दृष्टिकोण से प्रेरित मैथिलीशरण गुप्त ने राम के विषय में यह काव्योक्ति किस काव्यग्रन्थ में लिखी?

(A) पंचवटी (B) साकेत
(C) नहुष (D) विष्णुप्रिया

**75.** श्रद्धा और इड़ा से सम्बन्धित मुक्तिबोध के सही कथन कौन–से हैं?

(a) इड़ा का व्यक्तित्व सामाजिक–सार्वजनिक महत्व से विन्यस्त है।

(b) श्रद्धा के पास कोई अपना सार्वजनिक जीवन नहीं है।

(c) इड़ा बुद्धिवाद का प्रतीक है।

(d) श्रद्धा में आत्मबद्ध भावुकता का अभाव है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (b) और (c) (B) (a) और (b)
(C) (c) और (d) (D) (a) और (d)

**76.** भरत द्वारा निर्दिष्ट सात्विक भावों का इनमें से कौन–सा समूह सही है?

(A) स्वेद, रति, वेपथु, वैवर्ण्य, प्रलय
(B) स्तंभ, रोमांच, निर्वेद, स्वरभंग, व्रीड़ा
(C) वेपथु, वैवर्ण्य, अश्रु, रोमांच, स्तंभ
(D) व्रीड़ा, वेपथु, वैवर्ण्य, स्वेद, असूया

**77.** निम्नलिखित में से जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित काव्य हैं :

(a) तितली (b) उर्वशी चंपू
(c) इरावती (d) झरना

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (a) और (b) (B) (b) और (d)
(C) (c) और (d) (D) (b) और (c)

**78.** निम्नलिखित में से कौन–सा निबन्ध रामचन्द्र शुक्ल द्वारा रचित नहीं है?

(A) रसात्मक बोध के विविध रूप
(B) सौन्दर्य बोध और शिवत्व बोध
(C) साधारणीकरण और व्यक्ति वैचित्र्यवाद
(D) काव्य में लोकमंगल की साधनावस्था

**79.** 'उर्वशी' के तृतीय अंक के आधार पर कौन–से कथन सही हैं?

(a) शक्तिशाली और दुर्द्धर्प पुरुष भी सुंदरियों के कटाक्ष से आहत हो जाते हैं।

(b) उर्वशी मानवी है।

(c) उर्वशी कहती है—यह देह–भाव भ्रांति है।

(d) पुरुरवा के अनुसार मर्त्य मानव को देवता कहा जा सकता है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (a) और (b) (B) (a) और (d)

(C) (b) और (c) (D) (a) और (c)

**80.** निम्नलिखित में से विदेशी परिवेश पर आधारित कौन–से उपन्यास नहीं हैं?

(a) परिशिष्ट (b) चक्रव्यूह

(c) वे दिन

(d) सफर के साथी

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (a) और (c) (B) (a) और (b)

(C) (b) और (c) (D) (a) और (d)

**81.** शब्द की जिस शक्ति से उसके संकेतित अर्थ का बोध हो, वहां कौन–सी शब्द शक्ति होती है?

(A) अभिधा (B) लक्षणा

(C) व्यंजना (D) शुद्धा लक्षणा

**82.** निम्नलिखित काव्यपंक्तियों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| सूची-I (काव्यपंक्तियां) | सूची-II (रचनाकार) |
|---|---|
| (a) पण्डिअ सअल सत्त बक्खाणई। देहहि बुद्ध बसंत ण जाण्इ।। | (i) कण्हपा |
| (b) बारह बरिस लै कूकर जीएँ औ तेरह लै जिएं सियार | (ii) सरहपा |
| (c) बड़ कौसल तुअ राधे किनल कन्हाई लोचन आधे।। | (iii) जगनिक |
| (d) जाती ओछा पाती ओछा ओछा जनमु हमारा | (iv) विद्यापति |
| | (v) रैदास |

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (B) | (i) | (ii) | (v) | (iii) |
| (C) | (iii) | (i) | (v) | (ii) |
| (D) | (i) | (v) | (iii) | (iv) |

**83.** किस आचार्य ने 'शक्ति, लोक व्यवहारादि से प्राप्त निपुणता तथा काव्यज्ञों की शिक्षा प्राप्त कर किया गया अभ्यास' को काव्य का हेतु माना है?

(A) अभिनवगुप्त (B) विश्वनाथ

(C) राजशेखर (D) मम्मट

**84.** निम्नलिखित उपन्यासों को उनके संबद्ध पात्रों के साथ सुमेलित कीजिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) तमस | (i) सुकुल बाबू |
| (b) रागदरबारी | (ii) शेखर |
| (c) महाभोज | (iii) रिचर्ड |
| (d) झूठा–सच | (iv) रंगनाथ |
| | (v) तारा |

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (v) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |

**85.** निम्नलिखित ग्रन्थों का सही कालक्रम है :

(A) एस्थेटिक, लिटरेरिया बायग्राफिया, द सैक्रेड वुड, पोयटिक्स

(B) पोयटिक्स, लिटरेरिया बायग्राफिया, एस्थेटिक, द सैक्रेड वुड

(C) लिटरेरिया बायग्राफिया, एस्थेटिक, द सैक्रेड वुड, पोयटिक्स

(D) द सैक्रेड वुड, पोयटिक्स, लिटरेरिया बायग्राफिया, एस्थेटिक

**86.** न खास हिन्दी, न खास उर्दू
जबान गोया मिली–जुली हो।''
उपर्युक्त कथन किसका है?

(A) शिवप्रसाद 'सितारे हिन्द'

(B) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(C) राजा लक्ष्मणसिंह

(D) जॉर्ज ग्रियर्सन

**87.** 'उर्वशी' पर लिखी गई किसकी समीक्षा से विवाद उत्पन्न हो गया था?

(A) नेमिचन्द्र जैन

(B) धर्मवीर भारती

(C) भारतभूषण अग्रवाल

(D) भगवतशरण उपाध्याय

**88.** 'दिवस का अवसान समीप था।
गगन था कुछ लोहित हो चला।
तरुशिखा पर थी अब राजती।
कमलिनी–कुल वल्लभ की प्रभा।।'

इन काव्यपंक्तियों का आशय है :

(a) सूर्यास्त हो गया था।
(b) आसमान में लालिमा फैलने लगी थी।
(c) चिड़ियाँ अपने नीड़ों में विश्राम कर रही थीं।
(d) पेड़ों की फुनगियों पर सूरज की आखिरी किरणें विराजमान थीं।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (a) और (b) (B) (b) और (d)
(C) (b) और (c) (D) (a) और (c)

**89.** द्विवेदीयुगीन कविता की मुख्य प्रवृत्तियां हैं :

(a) समाज सुधार
(b) गीतिकाव्य की प्रचुरता
(c) स्वच्छन्दता
(d) इतिवृत्तात्मकता

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) (a) और (c) (B) (b) और (a)
(C) (a) और (d) (D) (c) और (d)

**90.** कवि के भार को बहुत बड़ा बताते हुए किस आचार्य ने कहा है कि ऐसा न कोई शब्द है, न अर्थ, न न्याय और न कला जो काव्य का अंग न बन सके?

(A) राजशेखर (B) भामह
(C) दंडी (D) आनन्दवर्द्धन

**निर्देश (91-95) :** निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुनिए :

भावना को मूर्त्त रूप में रखने की आवश्यकता के कारण कविता की भाषा में दूसरी विशेषता यही रहती है कि उसमें जाति संकेत वाले शब्दों की अपेक्षा विशेष–रूप–व्यापार सूचक शब्द अधिक रहते हैं। बहुत से ऐसे शब्द होते हैं जिनसे किसी एक का नहीं बल्कि बहुत से रूपों या व्यापारों का एक साथ चलता–सा अर्थ ग्रहण हो जाता है। ऐसे शब्दों को हम जाति–संकेत कह सकते हैं। ये मूर्त्त विधान के प्रयोजन के नहीं होते। किसी ने कहा ''वहां बड़ा अत्याचार हो रहा है।'' इस अत्याचार शब्द के अन्तर्गत मारना–पीटना, डाँटना–डपटना, लूटना–पाटना इत्यादि बहुत से व्यापार हो सकते हैं, अतः 'अत्याचार' शब्द के सुनने से उन सब व्यापारों की एक मिली–जुली अस्पष्ट भावना थोड़ी देर के लिए मन में आ जाती हैं; कुछ विशेष व्यापारों का स्पष्ट चित्र या मूर्त्त रूप नहीं खड़ा होता। इससे ऐसे शब्द कविता के उतने काम के नहीं। ये तत्त्व–निरूपण, शास्त्रीय विचार आदि में ही अधिक उपयोगी होते हैं। भिन्न–भिन्न शास्त्रों में बहुत से शब्द तो विलक्षण ही अर्थ देते हैं और पारिभाषिक कहलाते हैं। शास्त्र–मीमांसक या तत्त्व निरूपक को किसी सामान्य तथ्य या तत्त्व तक पहुँचने की जल्दी रहती है, इससे वह किसी सामान्य धर्म के अन्तर्गत आने वाली बहुत सी बातों को एक मानकर अपना काम चलाता है; प्रत्येक का अलग–अलग दृश्य देखने में नहीं उलझता।

पर कविता कुछ वस्तुओं और व्यापारों को मन के भीतर मूर्त्त रूप में लाना और प्रभाव उत्पन्न करने के लिए कुछ देर रखना चाहती है। अतः उक्त प्रकार के व्यापक अर्थ–संकेतों से ही उसका काम नहीं चल सकता। इससे जहां उसे किसी स्थिति का वर्णन करना रहता है, वहां वह उसके अन्तर्गत सबसे अधिक मर्मस्पर्शिनी कुछ विशेष वस्तुओं या व्यवहारों को लेकर उनका चित्र खड़ा करने का आयोजन करती है। यदि कहीं के घोर अत्याचार का वर्णन करना होगा, तो वह कुछ निरपराध व्यक्तियों के वध, भीषण यन्त्रणा, स्त्री–बच्चों पर निष्ठुर प्रहार आदि क्षोभकारी दृश्य सामने रखेगी। ''वहाँ घोर अत्याचार हो रहा है'' इस वाक्य द्वारा वह कोई प्रभाव नहीं उत्पन्न कर सकती। अत्याचार शब्द के अन्तर्गत न जाने कितने व्यापार आ सकते हैं, अतः उसे सुनकर या पढ़कर सम्भव है कि भावना में एक भी व्यापार स्पष्ट रूप से न आये या आये भी तो ऐसा जिसमें मर्म को क्षुब्ध करने की शक्ति न हो।

**91.** निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही नहीं है?

(A) व्यापक अर्थ संकेतक शब्द मर्मस्पर्शी व्यवहारों के चित्रण में सर्वाधिक सक्षम हैं।
(B) कविता का काम स्थिति विशेष के लिए अनेक घटनाओं, अवस्थाओं और स्थितियों को सामने लाना है।
(C) कविता के लिए वस्तुओं और व्यापार को मन में कुछ देर तक संचित रखना अपेक्षित होता है।
(D) कविता का काम व्यापक अर्थ संकेतों से नहीं चल सकता।

**92.** जाति संकेत वाले शब्दों की क्या विशेषता है?

(A) विशिष्ट रूप व्यापारों का विशिष्टतापरक अर्थ देना
(B) मूर्त्त विधान के लिए विशेष रूप से प्रयोजनीय
(C) तत्त्व निरूपण में अधिक उपयोगी
(D) शास्त्र मीमांसक के लिए अनुपयोगी

**93.** इनमें से कौनसा कथन सही नहीं है?
(A) सामान्य धर्मवाली बातें तत्त्व निरूपक के लिए अनुपयोगी हैं।
(B) जाति संकेतक शब्दों को सुन–पढ़कर भावना में एक ही व्यापार स्पष्ट रूप से नहीं आ पाता।
(C) वध, भीषण यंत्रणा, स्त्री–बच्चों पर निष्ठुर प्रहार के क्षोभक दृश्य कविता में त्याज्य हैं।
(D) विलक्षण अर्थ के प्रतिपादक शब्द परिभाषिक शब्द कहलाते हैं।

**94.** कविता में विशेष व्यापार सूचक शब्दों का प्रयोग अधिक क्यों होता है?
(A) विशेष व्यापार सूचक शब्द शास्त्र मीमांसा के अनुकूल हैं।
(B) कविता का अभिप्रेत भावना को मूर्त रूप में रखना है।
(C) कविता में पारिभाषिक शब्दों की अधिक अपेक्षा होती है।
(D) कविता विशिष्ट का नहीं सामान्य का चित्रण करती है।

**95.** 'वहां बड़ा अत्याचार हो रहा है' इस वाक्य की क्या विशेषता है?
(A) मर्म को क्षुब्ध करने की शक्ति से सम्पन्न होना
(B) एक ही विशेष कार्य व्यापार की स्पष्ट सूचना देना
(C) कई अस्पष्ट भावों का संकेतक होना
(D) कविता–कर्म के अनुकूल होना

**निर्देश (96-100)** : निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुनिए :

आधुनिकता क्या है? शब्दार्थ पर विचार करें तो 'अधुना' या इस समय जो कुछ है वह आधुनिक है। पर 'आधुनिक' का यही अर्थ नहीं है। हम बराबर देखते हैं कि कुछ बातें इस समय भी ऐसी हैं जो आधुनिक नहीं हैं, बल्कि मध्यकालीन हैं। सभी भावों के मूल में कुछ पुराने संस्कार और नये अनुभव होते हैं। यह समझना गलत है कि किसी देश के मनुष्य सदा सर्वदा किसी विचार या आचार को एक ही समान मूल्य देते आये हैं। पिछली शताब्दी में हमारे देशवासियों ने अपने अनेक पुराने संस्कारों को भुला दिया है और बचे संस्कारों के साथ नये अनुभवों को मिलाकर नवीन मूल्यों की कल्पना की है। वैज्ञानिक तथ्यों के परिचय से राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों के दबाव और आधुनिक शिक्षा की मानवतावादी दृष्टि के बहुल प्रचार से, हमारी पुरानी मान्यताओं में बहुत अन्तर आ गया है। उदाहरण के लिए, साहित्य को लें। आज से दो सौ वर्ष पहले का सहृदय साहित्य में जिन बातों को बहुत आवश्यक मानता था, उनमें से कई अब उपेक्षणीय हो गयी हैं और जिन बातों को यह त्याज्य समझता था, उनमें से कई अब उतनी अस्पृश्य नहीं मानी जाती। आज से दो सौ वर्ष पहले के सहृदय को उस प्रकार के दुःखान्त नाटकों की रचना अनुचित जान पड़ती थी जिनके कारण यवन (ग्रीक) साहित्य इतना महिमामण्डित समझा जाता है और जिन्हें लिखकर शेक्सपियर संसार के अप्रतिम नाटककार बन गये हैं। उन दिनों कर्मफलप्राप्ति की अवश्यम्भाविता और पुनर्जन्म में विश्वास इतने दृढ़ भाव से बद्धमूल थे कि संसार की समंजस व्यवस्था में किसी असामंजस्य की बात सोचना एकदम अनुचित जान पड़ता था। परन्तु अब वह विश्वास शिथिल होता जा रहा है और मनुष्य के इसी जीवन को सुखी और सफल बनाने की अभिलाषा प्रबल हो गयी है। समाज के निचले स्तर में जन्म होना अब किसी पुराने पाप का फल (अतएव घृणास्पद) नहीं माना जाता, बल्कि मनुष्य की विकृत समाज–व्यवस्था का परिणाम (अतएव सहानुभूतियोग्य) माना जाने लगा है। इस प्रकार के परिवर्तन एक–दो नहीं अनेक हुए हैं और इन सबके परिणामस्वरूप सिर्फ हमारी प्रकाशन–भंगिमा में ही अन्तर नहीं आया है, उसके उपभोग या ग्रहण के तौर–तरीकों में भी फर्क पड़ गया है। साहित्य के जिज्ञासु को इन परिवर्तित और परिवर्तमान मूल्यों की ठीक–ठीक जानकारी नहीं हो तो वह बहुत–सी बातों के समझने में गलती कर सकता है; फिर परिवर्तित और परिवर्तमान मूल्यों की ठीक–ठीक जानकारी प्राप्त करके ही हम यह सोच सकते हैं कि परिस्थितियों के दबाव से जो परिवर्तन हुए हैं उनमें कितना अपरिहार्य है, कितना अवांछनीय है और कितना ऐसा है जिसे प्रयत्न करके वांछनीय बनाया जा सकता है।

**96.** उपर्युक्त अनुच्छेद के सन्दर्भ में इनमें से कौन–सा कथन सही है?
(A) इस समय की बातों का मध्यकालीन होना।
(B) भावों का अनुभव और संस्कार से कोई सम्बन्ध नहीं है।
(C) नवीन मूल्यों की स्थापना पुराने बचे संस्कारों के साथ नए अनुभवों को मिलाकर की जाती है।
(D) साहित्य के जिज्ञासु के लिए परिवर्तमान मूल्यों की जानकारी अपेक्षित नहीं है।

**97.** उपर्युक्त अनुच्छेद के सन्दर्भ में हमारे देश के सहृदय की दो सौ वर्ष पूर्व क्या स्थिति थी?

(A) वह दुःखांत नाटकों को महिमा मंडित करके देखता था।

(B) उसका कर्म–फल प्राप्ति की अवश्यम्भाविता और पुनर्जन्म में दृढ़ विश्वास था।

(C) वह संसार की व्यवस्था को अनिवार्यतः असमंजस मानता था।

(D) वह जिन्हें तब त्याज्य समझता था, वह आज भी उसके लिए अस्पर्शनीय है।

**98.** उपर्युक्त अनुच्छेद के सन्दर्भ में हमारी पुरानी मान्यताओं के बदलाव का क्या कारण है?

(A) आधुनिक शिक्षा की मानवतावादी दृष्टि का विशेष प्रचार

(B) सहृदय की साहित्यिक धारणा में अपरिवर्तन

(C) दुःखान्त नाटक को महत्व देना

(D) केवल इस जीवन के सुख के प्रति उपेक्षा भाव

**99.** उपर्युक्त अनुच्छेद के सन्दर्भ में इनमें से कौन–सा कथन सही है?

(A) किसी देश के मनुष्य सदैव ही विचार विशेष को समान मूल्य देते रहे हैं।

(B) पुरानी मान्यताओं के बदलाव में वैज्ञानिक तथ्यों की जितनी भूमिका है, उतनी आर्थिक परिस्थितियों के दबाव की नहीं।

(C) सभी भावों के मूल में पुराने संस्कार और नए अनुभव होते हैं।

(D) सभी भावों के मूल में पुराने संस्कार और नए अनुभवों का कोई योगदान नहीं होता।

**100.** उपर्युक्त अनुच्छेद के सन्दर्भ में परिवर्तित और परिवर्तमान मूल्यों की ठीक–ठीक जानकारी से साहित्य का जिज्ञासु जो करता है उसका निम्नलिखित में से किसका सम्बन्ध नहीं है?

(A) परिस्थितियों के दबाव से उत्पन्न परिवर्तनों की अपरिहार्यता को पहचान पाता है।

(B) आयासपूर्वक अवांछनीय को वांछनीय बनाया जा सकता है।

(C) नवीन प्रकाशन–भंगिमा को अपना सका है।

(D) समाज के निचले स्तर के लोगों के प्रति घृणा की संगति खोज सका है।

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (B) | 2. (D) | 3. (A) | 4. (D) | 5. (B) | 6. (B) | 7. (D) | 8. (C) | 9. (C) | 10. (D) |
| 11. (C) | 12. (A) | 13. (A) | 14. (C) | 15. (B) | 16. (B) | 17. (A) | 18. (B) | 19. (C) | 20. (D) |
| 21. (A) | 22. (B) | 23. (C) | 24. (B) | 25. (B) | 26. (A) | 27. (B) | 28. (C) | 29. (B) | 30. (*) |
| 31. (B) | 32. (A) | 33. (A) | 34. (*) | 35. (*) | 36. (D) | 37. (C) | 38. (B) | 39. (C) | 40. (B) |
| 41. (D) | 42. (D) | 43. (D) | 44. (A) | 45. (B) | 46. (A) | 47. (A) | 48. (B) | 49. (C) | 50. (C) |
| 51. (C) | 52. (C) | 53. (B) | 54. (D) | 55. (C) | 56. (D) | 57. (C) | 58. (A) | 59. (C) | 60. (A) |
| 61. (A) | 62. (B) | 63. (B) | 64. (A) | 65. (C) | 66. (B) | 67. (B) | 68. (D) | 69. (A) | 70. (A) |
| 71. (A) | 72. (A) | 73. (A) | 74. (*) | 75. (C) | 76. (C) | 77. (B) | 78. (B) | 79. (B) | 80. (B) |
| 81. (A) | 82. (A) | 83. (D) | 84. (C) | 85. (B) | 86. (A) | 87. (D) | 88. (B) | 89. (D) | 90. (B) |
| 91. (D) | 92. (C) | 93. (C) | 94. (B) | 95. (C) | 96. (C) | 97. (B) | 98. (A) | 99. (C) | 100. (D) |